## शैक्षणिक मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण

मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण का कार्य प्रधानाचार्य के स्तर से प्रत्येक विषय में कक्षाओं का पर्यवेक्षण एक निश्चित प्रोफार्मा पर विद्यालय स्तर पर किया जायेगा। इसके अन्तर्गत प्रभावी एवं अर्थपूर्ण कक्षाओं के संचालन हेतु शिक्षक डायरी, छात्र/छात्राओं के गृह कार्य का अवलोकन किया जायेगा। गुणवत्ता पूर्ण कार्यो के लिए आवश्यकतानुसार प्रधानाचार्य के स्तर से निर्देश दिये जाऐंगे। साथ ही शिक्षण कार्य एवं अन्य कार्यो में सुधार हेतु प्रधानाचार्य स्तर से उचित सुझाव देना समीचीन होगा, जो शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं के लिए ग्राहय होगा। छात्र छात्राओं के गृह कार्य, परियोजना (प्रोजेक्ट) कार्य का अवलोकन एक निश्चित समय सारणी बनाकर प्राचार्य के स्तर से किया जाएगा।

विद्यालय में शैक्षणिक उन्नयन एवं स्वस्थ शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए प्रत्येक माह शिक्षकों के साथ बैठक कर योजनाएं तैयार करना तथा छात्र छात्राओं की बैठक करके उनके उपलब्धियों एवं गुणवत्ता में उन्नयन हेतु आवश्यकतानुसार सुझाव प्रधानाचार्य के स्तर से दिया जायेगा, तथा तैयार की गयी सभी योजनाओं को व्यवहरित करने के लिए आवश्यक रणनीति बनायी जाएगी।

## परीक्षा परिणाम हेतु लक्ष्य निर्धारण

क. सेकेण्डरी स्कूल (कक्षा–10) परीक्षा–100 प्रतिशत

ख. सीनियर सेकेण्डरी स्कूल (कक्षा–12) परीक्षा–100 प्रतिशत

## सयुंक्त प्रश्नपत्र तैयार करना

विद्यालय में होने वाली इकाई परीक्षाओं को छोड़कर टर्म टेस्ट प्रथम, टर्म टेस्ट द्वितीय, पूर्व परिषदीय परीक्षा प्रथम एवं पूर्व परिषदीय परीक्षा द्वितीय के प्रश्न पत्र विभागीय स्तर पर पूरे प्रदेश के लिए एक तरह का तैयार कराया जाए, तथा परीक्षा संचालन के लिए भी समय सारिणी सम्पूर्ण प्रदेश में एकरूपता को ध्यान में रखकर ही निश्चित की जाए।

सभी यूनिट टेस्ट एवं पूर्व वार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्र विद्यालय स्तर पर तैयार किया जाए, एवं एकरूपता को ध्यान में रखकर निर्धारित समय सारिणी के अनुसार सम्पन्न कराया जाए। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन व परीक्षा परिणाम विद्यालय स्तर पर तैयार करके सम्पूर्ण प्रदेश में 31 मार्च को घोषित किया जायेगा।

शीतलहर के दौरान जिलाधिकारी द्वारा घोषित शीतावकाश में अन्य आवासीय सरकारी विद्यालयों की भांति जिलाधिकारी की अनुमति/सहमति प्राप्त कर राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में शिक्षण कार्य जारी रहेगा।

## अवकाश विवरण–

राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है, जिसे शासनादेश दिनांक 06.10.15 के अनुरूप नवोदय विद्यालय के पैटर्न पर संचालित करने की व्यवस्था की गई है। आवासीय विद्यालय की प्रकृति के आधार पर अवकाशों का विवरण निम्नवत् सुनिश्चित किया जाए–

- ग्रीष्म कालीन अवकाश – 11 मई से 27 जून
- शीत कालीन अवकाश – 26 दिसम्बर से 10 जनवरी
- अन्य अवकाश जिला विद्यालय निरीक्षक की अवकाश सूची के अनुसार देय होंगे।
- राज्य सरकार के निर्देशानुसार महापुरूषों के जन्मदिन/जयन्ती विद्यालय में मनायी जायेंगी।

## छात्र प्रतिज्ञा (हिन्दी)

"भारत हमारा देश है। हम सब भारतवासी भाई बहन है। हमें अपना देश प्राणों से भी प्यारा है। इसकी समृद्धि और विविध संस्कृति पर हमें गर्व है हम इसके सुयोग्य अधिकारी बनने का प्रयत्न सदा करते रहेंगे। हम अपने माता–पिता, शिक्षकों एवं गुरूजनों का सदा आदर करेंगे तथा सब के साथ शिष्टता का व्यवहार करेंगे। हम अपने देश और देशवासियों के प्रति सदैव निष्ठावान रहने की प्रतिज्ञा करते है। उनके कल्याण एवं समृद्धि में ही हमारा सुख निहित है।"

–जय हिन्द

## छात्र प्रतिज्ञा (अंग्रेजी में)

"India is my country . All Indians are my brothers & sister. I love my country and I am proud of its rich and varied heritage. I shall always strive to be worthy of it. I shall pay respect to my parents, teachers, class -mates and all elders and treat every one with courtesy. To my country and my people, I pledge my devotion. In their well being and prosperity alone lies my happiness."

## विद्यालय शैक्षिक कैलेण्डर

यह विद्यालय के विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण अभिलेख है यह विद्यालय के कार्यो को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से तैयार किया जाता है। यह सत्र के प्रारम्भ में शैक्षणिक / सह–शैक्षणिक क्रियाओं एवं महत्वपूर्ण दिवसों / उत्सवों कों एक निश्चित समय एवं निश्चित दिशा में सम्पन्न कराने का महत्वपूर्ण अभिलेख है।

नव सत्र का प्रारंभ 1 अप्रैल से होगा तथा 31 मार्च सत्र का अंतिम कार्य दिवस होगा।

**नोट–**

- प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को अभिभावक दिवस होगा तथा उस दिन शिक्षक अभिभावक परिषद की बैठक आयोजित की जाएगी ।
- जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा निर्गत अवकाश सूची में उल्लिखित व्यवस्थानुसार प्रधानाचार्य के विवेकाधीन 03 अवकाश देय होगें।
- अधिक सर्दी / गर्मी के कारण स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अन्य सरकारी आवासीय विद्यालयों की भाँति राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में शिक्षण कार्य किया जायेगा।
- महापुरूषों की जयन्ती का आयोजन विद्यालय स्तर पर शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार किया जायेगा।

### शिक्षण कक्ष प्रबन्धन

- कक्षा में शिक्षण हेतु जाने से पूर्व सम्बन्धित विषय अध्यापक प्रभावी शिक्षण हेतु निम्नलिखित व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करेगें।
- कक्षाध्यापन के बाद गृह कार्य, परियोजना कार्य छात्र –छात्राओं को दिया जाए तथा इनकी जॉच एवं सुधार कार्य किया जाए।
- गृह कार्य प्रतिदिन सुनिश्चित करने हेतु इसका अभिलेख छात्र डायरी मे रखा जायेगा। छात्र डायरी में छात्रों द्वारा विभिन्न टेस्ट एवं परीक्षा में प्राप्त अंको का विवरण भी रखना होगा, जिसे छात्र अपने अभिभावक को अवलोकित कराकर, उनके हस्ताक्षर करायेंगे तथा विषय / कक्षा अध्यापक को सौंप देगें।

### पाठ्यकम की पूर्णता (कवरेज आफ सेलेबस)

| माह | 6 से 9 कक्षाओ हेतु | 10व 12 कक्षाओ हेतु |
|---|---|---|
| अप्रैल, मई | 20 प्रतिशत | 20 प्रतिशत |
| जुलाई, अगस्त | 30 प्रतिशत | 40 प्रतिशत |
| सितम्बर | यूनिक टेस्ट व अर्द्धवार्षिक(यूनिट–1) | यूनिट टेस्ट व अर्द्धवार्षिक (एस ए–1) |
| अक्टूबर, नवम्बर | 25 प्रतिशत | 40 प्रतिशत |
| दिसम्बर, जनवरी | 25 प्रतिशत | दिसम्बर से प्रथम व जनवरी मे द्वितीय पूर्व परिषदीय परीक्षा व परीक्षा परिणाम विश्लेषण |
| फरवरी | पुनरीक्षण व तैयारी पूर्व वार्षिक परीक्षा (यूनिट–2) | नॉन बोर्ड कक्षाओ हेतु |
| मार्च | वार्षिक परीक्षा 1 दिन के अन्तराल पर, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रिजल्ट शीट व अंक पत्र तैयार करना । | वार्षिक परीक्षा 1 दिन के अन्तराल पर, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रिजल्ट शीट व अंक पत्र तैयार करना । |

### परीक्षा कार्यक्रम –

| यूनिट टेस्ट | अधिभार | प्रस्तावित तिथि |
|---|---|---|
| प्रथम | 10 प्रतिशत | 18 से 20 जुलाई |
| द्वितीय | 10 प्रतिशत | 29 से 31 अगस्त |
| टर्म–1 | 30 प्रतिशत | 20 से 30 सितम्बर |
| तृतीय | 10 प्रतिशत | 28 से 31 अक्टूबर |
| चतुर्थ | 10 प्रति शत | 05 से 10 दिसम्बर |
| टर्म–2 | 30 प्रतिशत | 05 से 15 मार्च |

इसके अतिरिक्त प्रत्येक शनिवार को हर विषय के शिक्षण कालांश में संक्षिप्त टेस्ट सम्बन्धित विषय शिक्षक द्वारा चक्रानुसार सम्पन्न कराया जायेगा ।

## विषयानुसार कालांश आंवटन

| कक्षा 6 से 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
|---|---|---|---|---|---|
| अंग्रेजी 8 | अंग्रेजी 8 | अंग्रेजी 7 | अंग्रेजी 8 | हिन्दी / गणित / कम्प्यूटर 7 | हिन्दी / गणित / कम्प्यूटर 7 |
| हिन्दी 6 | हिन्दी 6 | हिन्दी 6 | हिन्दी 6 | अंग्रेजी 7 | अंग्रेजी 7 |
| गणित 6 | गणित 6 | गणित 7 | गणित 6 | भौतिक शास्त्र / भूगोल / एकाउटेंसी–8 | भौतिक शास्त्र / भूगोल / एकाउटेंसी 8 |
| विज्ञान 5 | विज्ञान 5 | विज्ञान 9 | विज्ञान 5 | रसायन शास्त्र / अर्थशास्त्र / नागरिक शास्त्र 8 | रसायन शास्त्र / अर्थशास्त्र / नागरिक शास्त्र 8 |
| सा0विज्ञान 5 | सा0विज्ञान 5 | सा0विज्ञान 6 | सा0विज्ञान 5 | जीवविज्ञान / इतिहास समाज शास्त्र / व्यावसायिक अध्ययन–8 | जीवविज्ञान / इतिहास / समाज शास्त्र व्यावसायिक अध्ययन–8 |
| पुस्तकालय–1 | पुस्तकालय–1 | पुस्तकालय–1 | पुस्तकालय–1 | शारीरिक शिक्षा 1 | शारीरिक शिक्षा 1 |
| कम्प्यूटर 2 | कम्प्यूटर 2 | कम्प्यूटर 2 | कम्प्यूटर 2 | सामान्य अध्ययन / कार्य अनुभव | सामान्य अध्ययन / कार्य अनुभव |
| कला 1 | कला 1 | कला 1 | कला 1 | कम्प्यूटर 2 | कम्प्यूटर 2 |
| संगीत 1 | संगीत 1 | संगीत 1 | संगीत 1 | | |
| शारीरिक शिक्षा 1 | शारीरिक शिक्षा 1 | शारीरिक शिक्षा 1 | शारीरिक शिक्षा 1 | | |
| संस्कृत 4 | संस्कृत 4 | | संस्कृत 4 | | |

- वादन विभाजन कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर प्रधानाचार्य के निर्देशन मे शैक्षणिक प्रभारी द्वारा तैयार किया जायेगा ।
- नोट–रिमीडियल कक्षाएँ– भौतिक विज्ञान / एकाउटेंसी / गणित / रसायन विज्ञान अर्थशास्त्र विषयों के लिए उपचारात्मक शिक्षण जीरो अन्तिम वादन के कालांश में प्रति विषय दो कालांश प्रति सप्ताह में होगीं ।

### उपचारात्मक अध्ययन

- यूनिटटेस्ट /अर्द्धवार्षिक परीक्षा में प्राप्त अंको के अनुसार विषय में सामान्य स्तर से कम अंक पाने वाले विद्यार्थियों के लिए जीरो पीरिएड / अष्टम वादन में व्यवस्था की जाएगी ।
- निरीक्षित अध्ययन की व्यवस्था छात्रावास में विद्यालय परिसर में रहने वाले अध्यापक द्वारा आयोजित की जाएगी

### स्वाध्ययन

- इसका आयोजन छात्रावास मे प्रातःकाल नाशते से पंहले 1 घंण्टे के लिए व सायंकाल खेलकूद के उपरान्त किया जायेगा ।
- परिसर के आवासीय पदधारकों द्वारा यथा प्रधानाचार्य, शिक्षक, छात्रावास सहायक एवं फार्मासिस्ट द्वारा समय पर निरीक्षण किया जाएगा ।